सूचना अधिकार अधिनियम 2005

पत्रांक संख्या : आरटीआई/सूवि/द्वित/26-2704 दिनांक : 27 अप्रैल 2026

सेवा में,

माननीय सूचना आयुक्त
राज्य सूचना आयोग
देहरादून, उत्तराखण्ड

विषय– 1. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, प्रथम अपीलीय आदेश/धारा 19(1) की अवहेलना के संबंध में।

2. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत धारा 7(1) का उल्लंघन, 'निर्धारित समयावधि में सही एवं पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई।'

3. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत धारा 7(6) का उल्लंघन, 'आदेश के बाद निशुल्क सूचना भी उपलब्ध न कराना, गुमराह एवं भ्रमित करना।

4. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत धारा 2(एफ) एवं 2(जे) का उल्लंघन, 'वांछित मांग को छोड़ व्याख्यात्मक, अस्पष्ट, असंगत और भ्रामक उत्तर देने के संबंध में।

5. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत धारा 4-1-सी (पारदर्शिता के सिद्धांत) का उल्लंघन, 'प्रशासनिक निर्णयों एवं कार्यवाही की पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई।'

संदर्भ– ***विभागीय अपीलीय अधिकारी आदेश अनुपालन पत्र, जिसका पत्रांक– 84/सू.एवं.लो.सं.वि.(सूचना अधिकार)-222/2025, दिनांक-27 मार्च 2026, पत्र प्राप्ति दिनांक-29 मार्च 2026.***

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन है कि अपीलकर्ता/मेरे द्वारा महानिदेशक, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग को 08 अक्टूबर 2025, 13 अक्टूबर 2025, 24 अक्टूबर 2025, 30 अक्टूबर 2025 और 19 नवम्बर 2025 को कार्यवाही के लिए पत्र जमा किये गये थे, जिनकी सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न हैं। *(संलग्नक-01 से 05 तक)*

माननीय महोदय, अपीलकर्ता/मेरे द्वारा दिनांक 26 नवम्बर 2025 को उक्त पत्रों की छायाप्रति प्राप्त करने तथा पत्रों से संबंधित हुयी कार्यवाही के विवरण को जानने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। *(संलग्नक-06)* इस आवेदन के क्रम में लोक सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 16.12.2025 को अपूर्ण एवं भ्रामक उत्तर देकर सूचना अधिकार अधिनियम की अवहेलना की गयी। जिसमें मांगी गई वास्तविक सूचना (सत्यापित प्रतियां एवं कार्यवाही विवरण) उपलब्ध नहीं कराया गया। *(संलग्नक-07)*

पांच बिंदुओं के संबंध में लोक सूचना अधिकारी का प्रथम उत्तर– बिंदु संख्या 01 से 05 तक अस्पष्ट हैं। अतः अनुमान के आधार पर सूचना उपलब्ध कराया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। **महोदय, मेरे किसी भी पत्र में अनुमानित दिनांक नहीं है। विभाग द्वारा दी गयी प्राप्ति रसीद में भी कोई अनुमानित दिनांक नहीं है और न ही सूचना अधिकार अधिनियम अनुमान के आधार को मानता है। यह भ्रमित करना नहीं है तो क्या है? यह धारा 7(1) का उल्लंघन नहीं है तो और क्या है।**

...क्रमशः पृष्ठ 2

माननीय महोदय, इसके बाद लोक सूचना अधिकारी महोदय से मुलाकात की गयी और उनके द्वारा यह बताया गया कि **"मेरे द्वारा किसी भी प्रकार का कार्य आपके पत्रों से संबंधित नहीं किया जा सकता है। मैं आपके पत्रों और सूचना अधिकार अधिनियम के आवेदन की व्याख्या या विश्लेषण नहीं कर सकता हूं। मेरे द्वारा आपका आवेदन संबंधित प्रभाग/विभाग को भेज दिया जायेगा। उनसे मुझे जो सूचना प्राप्त होगी, वह मेरे द्वारा आपको उपलब्ध करा दी जायेगी। या तो आप प्रथम अपील दाखिल करें या नया आवेदन जमा करें।"** महोदय, अगर लोक सूचना अधिकारी महोदय सत्य कह रहे हैं तो सूचना अधिकार अधिनियम की **धारा 5(4) के अनुसार,**

Section 5(4): यदि लोक सूचना अधिकारी अपने कर्तव्यों के समुचित निर्वहन के लिए किसी अन्य अधिकारी की सहायता ले सकता है।

आसान भाषा में अर्थ लोक सूचना अधिकारी अगर खुद सूचना उपलब्ध नहीं कर पा रहा है, तो वह अपने विभाग के किसी अन्य अधिकारी से मदद ले सकता है, उस अधिकारी से संबंधित रिकॉर्ड/दस्तावेज मंगवा सकता है। जिस अधिकारी से मदद ली जाती है, वह भी आरटीआई के तहत जिम्मेदार माना जाता है। अगर गलती होती है (देरी/गलत सूचना), तो उस अधिकारी पर भी कार्रवाई हो सकती है।

माननीय महोदय, लोक सूचना अधिकारी महोदय ने प्रथम प्रतिउत्तर और मुलाकात में भ्रमित करने का कार्य किया गया है। अतः इस उत्तर से असंतुष्टि के बाद इस संबंध में अपीलकर्ता/मेरे द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर 2025 को प्रथम अपील प्रस्तुत की गई। *(संलग्नक–08)* जिस संबंध में प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2026 को सुनवाई की तिथि निर्धारित की। *(संलग्नक–09)* सुनवाई के दौरान मेरे अपील से संबंधित आधारों पर चर्चा हुयी, लेकिन प्रथम अपीलीय अधिकारी महोदय का आदेश मुझे असंगत लगा। क्योंकि उन्होंने सूचना विभाग एवं लोक सूचना अधिकारी महोदय का पक्ष रखते हुये सूचना को निशुल्क की बजाय सशुल्क देने का आदेश दिया गया। *(संलग्नक–10)* लेकिन नियम क्या कहता है, अधिनियम क्या कहता है–

Section 7(6): यदि लोक सूचना अधिकारी द्वारा 30 दिन के भीतर सूचना नहीं दी, तो आगे दी जाने वाली सूचना पूरी तरह निःशुल्क (Free of Cost) होगी। क्योंकि प्रथम अपीलीय अधिकारी भी सूचना अधिकार अधिनियम से ऊपर नहीं है, उसे भी धारा 7(6) का पालन करना अनिवार्य है।

इसके बाद लोक सूचना अधिकारी से मुलाकात की गयी और उनके द्वारा यह बताया गया कि **"मेरे द्वारा आपके सूचना अधिकार अधिनियम के आवेदन से संबंधित वांछित सूचना का गठन एवं विश्लेषण नहीं किया जा सकता है। अतः आप एक पत्र के माध्यम से सभी बिंदुओं से संबंधित पत्रों के विषय और संबंधित व्याख्या लिखकर दे दीजिए। संबंधित सूचना आपको उपलब्ध करा दी जायेगी।"**

माननीय महोदय, लोक सूचना अधिकारी महोदय पत्रों से संबंधित व्याख्या मांगें, फिर वांछित सूचना दिलायें। सूचना अधिकार अधिनियम में ऐसा कोई भी कानून या धारा नहीं है। यह अपीलकर्ता को

...क्रमशः पृष्ठ 3

भ्रमित करके अपने नये उत्तरों का गठन करना है। यह अधिनियम की **धारा 2(एफ) और 2(जे)** का उल्लंघन है, जिसके अनुसार इन्होंने कार्यवाही विवरण (संबंधित डायरी/रजिस्टर क्रमांक, फाईल नोटिंग, आदेश, पत्राचार और प्रमाणित प्रतिलिपियां) उपलब्ध नहीं कराया। सूचना अधिकार अधिनियम की **धारा 2(एफ) और 2(जे) के अनुसार,**

> **Section 2(f): सूचना से अभिप्राय किसी भी रूप में उपलब्ध सामग्री से है, जिसमें अभिलेख, दस्तावेज, ज्ञापन, ई-मेल, मत, सलाह, प्रेस विज्ञप्ति, परिपत्र, आदेश, लॉगबुक, अनुबंध, रिपोर्ट, कागजात, नमूने, मॉडल, किसी भी इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित डाटा तथा किसी निजी निकाय से संबंधित ऐसी सूचना भी शामिल है, जो किसी अन्य कानून के तहत लोक प्राधिकरण द्वारा प्राप्त की जा सकती है।**

> **Section 2(j): सूचना पाने का अधिकार से अभिप्राय इस अधिनियम के अंतर्गत ऐसी सूचना तक पहुँच का अधिकार है, जो किसी लोक प्राधिकरण द्वारा धारित या उसके नियंत्रणाधीन है, और इसमें निम्नलिखित अधिकार शामिल हैं– (01) अभिलेखों, दस्तावेजों, कागजातों का निरीक्षण करना, (02) नोट्स, अंश या प्रमाणित प्रतियां प्राप्त करना, (02) सामग्री के प्रमाणित नमूने लेना, (04) डिस्क, फ्लॉपी, टेप, वीडियो कैसेट या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सूचना प्राप्त करना।**

इसके बाद मेरे द्वारा सभी बिंदुओं से संबंधित सभी पत्रों के विषय और संबंधित व्याख्या लिखकर लोक सूचना अधिकारी महोदय को दी गयी तथा संबंधित सभी पत्रों की छायाप्रतियां भी जमा की गयीं। *(संलग्नक–11)* लेकिन लोक सूचना अधिकारी महोदय ने दुबारा भ्रमित करने वाला उत्तर देकर अधिनियम की अवहेलना की और वांछित सूचना उपलब्ध न कराकर अपीलीय अधिकारी के आदेश (**धारा 19(1)** की भी अवलेहना की गयी। आदेश के अनुपालन में आज तक मांगी गई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई, न ही संबंधित पत्रों/अभिलेखों की सत्यापित प्रतिलिपियां दी गई, अपितु एक पत्र के माध्यम से प्रश्नों को परिवर्तित कर भ्रामक एवं असंगत उत्तर प्रदान किया गया, जो कि सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है। सूचना अधिकार अधिनियम की **धारा 19(1) के अनुसार,**

> **Section 19(1): कोई भी व्यक्ति, जिसे धारा 7(1) में निर्दिष्ट अवधि के भीतर निर्णय प्राप्त नहीं होता है, या जो लोक सूचना अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट है, वह उस अधिकारी से वरिष्ठ ऐसे अधिकारी के समक्ष, जिसे संबंधित लोक प्राधिकरण में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया है, तीस दिनों के भीतर अपील कर सकता है।**

माननीय महोदय, आपको यह भी अवगत करा दूं कि प्रथम अपील के आदेश अवहलेनाओं में सबसे पहले तो मुझे मेरे ही द्वारा भेजे गये पत्र और संलग्नक उपलब्ध नहीं कराये गये और न ही उनसे संबंधित हुयी कार्यवाही का कोई लिखित विवरण प्राप्त हुआ। प्रथम अपीलीय आदेश के अनुपालन से संबंधित पत्र प्राप्त हुआ। *(संलग्नक–12)* जिसके अनुसार संबंधित बिंदुओं में क्रमानुसार–

1. बिंदु संख्या 01 में 08 अक्टूबर 2025 को प्रार्थना पत्र के माध्यम से संबंधित नियम की मांग की गयी है, न कि नियमावली की। यदि प्रिंट मीडिया विज्ञापन नियमावली में संबंधित नियम है,

...क्रमशः पृष्ठ 4

तो लोक सूचना अधिकारी महोदय को नियम से संबंधित पृष्ठ की छायाप्रति देने में क्यों असमर्थता हो रही थी। जो उनके द्वारा विभाग की वेबसाईट का हवाला देकर नियमावली देखने की बात कही और **अपूर्ण तथा अस्पष्ठ** उत्तर दिया गया है। *(संलग्नक–01 एवं 12)*

इसी पत्र में एक ही स्वामी की दो पत्रिकायें, जो कि विभाग से विज्ञापन प्राप्त करने के लिए सूचीबद्ध नहीं हैं, उनको लगभग 15 से 20 लाख तक के विज्ञापन किस नियम के आधार पर आबंटित किये जा रहे हैं। इससे संबंधित आरटीआई में भी लोक सूचना अधिकारी महोदय द्वारा 'न संबंधित नियम बताया गया था और न ही निजी दर पर देने से संबंधित मुख्यमंत्री के निर्देश/आदेश पत्र दिये गये थे। *(संलग्नक–13)* संबंधित प्रथम अपील में अपीलीय अधिकारी को स्पष्टीकरण देने के लिए प्रिंट मीडिया प्रभाग के अधिकारी महोदय का कहना था कि **"इनके विज्ञापन का आवेदन न होने पर फोन से दी गयी सूचना पर ही विज्ञापन आबंटित कर दिया जाता है और रेट कार्ड की अनुपस्थिति में निजी विज्ञापन दर/राशि का 'सेटेलमेंट' हम अपने हिसाब से कर लेते हैं।"** कृपया लोक सूचना अधिकारी महोदय अथवा संबंधित प्रिंट प्रभाग के अधिकारी महोदय 'निजी विज्ञापन दर अथवा राशि को सेटेलमेंट करने' से संबंधित नियम स्पष्ट करें। गैर–सूचीबद्ध समाचार पत्र/पत्रिका को बिना आवेदन/बिना आदेश के निजी विज्ञापन देने से संबंधित नियम और उच्चाधिकारी के आदेश की प्रतिलिपि उपलब्ध करायें।

2. बिंदु संख्या 02 में 13 अक्टूबर 2025 को प्रार्थना पत्र के माध्यम से संबंधित नियम की मांग की गयी है। जिसमें एक साप्ताहिक समाचार पत्र को पंजीयन प्रमाण पत्र न होने की स्थिति पर भी लगभग तीन लाख का विज्ञापन दिया गया है। इस समाचार पत्र को लगभग डेढ़ साल के समय में 21 लाख रुपये के विज्ञापन दिये गये हैं, जबकि यह भी विभाग में विज्ञापन के लिए सूचीबद्ध नहीं है। अंततः लोक सूचना अधिकारी महोदय ने विज्ञापन संबंधित **नियम 10.2 (घ)** बात करके पल्ला झाड़ने की कोशिश की है। लेकिन इस नियम में गैर–सूचीबद्ध समाचार पत्र/पत्रिकाओं को विज्ञापन देना तथा बिना पंजीयन प्रमाण पत्र के समाचार पत्र/पत्रिकाओं को विज्ञापन देने से संबंधित कोई भी पंक्ति नहीं है। *(संलग्नक–02 एवं 12)*

3. बिंदु संख्या 03, जिसका संबंध 24 अक्टूबर के आवेदन से है। जो कि मेरे स्वयं के समाचार पत्र से संबंधित है। समाचार पत्र को सूचना विभाग से नवम्बर 2025 में निजी दर पर 2 लाख रुपये का विज्ञापन प्राप्त हुआ था। जिस संबंध में मेरे द्वारा संबंधित विज्ञापन के आवेदन, डीजी आदेश, मुख्यमंत्री आदेश, संबंधित आरओ और संबंधित पत्रावली की छायाप्रतियों की मांग की गयी। लेकिन लोक सूचना अधिकारी महोदय द्वारा फिर से अपूर्ण, असंगत और भ्रमित करने वाला उत्तर दिया कि 'विज्ञापन से संबंधित पत्रावली **<u>अन्य प्रकरण</u>** में गतिमान है। *(संलग्नक–03 एवं 12)* **माननीय महोदय, मेरे द्वारा 01 सितम्बर 2025 को सूअअ–2005 के अंतर्गत एक समाचार पत्र 'बिनसरी कु घाम' समाचार पत्र को दिये गये निजी विज्ञापन से संबंधित आरओ, विज्ञापन आदेश और भगुतान संबंधी सूचना मांगी गयी।** जिसके उत्तर में इन्हीं लोक सूचना अधिकारी महोदय ने संबंधित आरओ और विज्ञापन आदेश की छायाप्रति उपलब्ध कराई और भुगतान की फाईल शासन में गतिमान होने की बात कही। *(संलग्नक–14)* महोदय, सूचना अधिकार अधिनियम में इस प्रकार का अंतर/विभिन्नता कौन सी धारा के अन्तर्गत आता है, जिसमें **<u>अन्य प्रकरण</u>** की बात कहकर सूचना देने से पल्ला झाड लिया जाता है।

4. बिंदु संख्या 04, जो कि 30 अक्टूबर को विभाग में जमा किये गये पत्र से संबंधित है, जिसमें एल–3 अधिकारी / अपर निदेशक महोदय के द्वारा की गयी कार्यवाही और वेब टिप्पणी से असंतोष

...क्रमशः पृष्ठ 5

होने के कारण महानिदेशक महोदय को पत्र भेजा गया। जिसमें दो विषय हैं और दोनों विषयों से संबंधित सीएम पोर्टल में की गयी दो कार्यवाहियों को 26 और 29 अगस्त से लम्बित करके रखने और सीएम पोर्टल पर असंगत टिप्पणी करने से संबंधित हैं। लेकिन लोक सूचना अधिकारी महोदय के ज्ञान की पराकाष्ठा तब हो जाती है, जब वह इस बिंदु को ही बदल दें। यहां अपने बचाव के लिए मेरे द्वारा की गयी बिंदु की व्याख्या को बिंदु बनाकर उत्तर दे दिया है। लेकिन जो 30 अक्टूबर को सीएम पोर्टल से नहीं, बल्कि विभाग में जमा किया गया था, वह पत्र कहां गया? उसकी कार्यवाही कहां पहुंची? पत्रों से संबंधित व्याख्या लिखवाकर उन पत्रों को ढूंढने की बात करते हैं, जो पत्र हैं भी कि नहीं, पता नहीं! महोदय, यदि आपके पास पत्र उपलब्ध कराने की क्षमता होती तो कार्यवाही विवरण के अलावा मेरे द्वारा जमा किये गये पत्र और संलग्नक तो मुझे उपलब्ध करा देते। *(संलग्नक–04 एवं 12)*

5. बिंदु संख्या 05, जो कि 19 नवम्बर 2025 को भेजे गये पत्र से संबंधित है। यह पत्र सीएम पोर्टल के माध्यम से महानिदेशक महोदय को भेजा गया था। इस पत्र से संबंधित कार्यवाही 19 नवम्बर 2025 से ही एल–2 अधिकारी के पास थी। मेरे द्वारा वेब पर कार्यवाही से संबंधित कमेंट भी किया, लेकिन कोई फायदा नहीं। क्योंकि 15 मार्च 2026 को मैं किसी कार्यवश सूचना विभाग गया, वहां सूचना अधिकार अधिनियम की शाखा के एक अधिकारी/कर्मचारी से पूछा कि 'प्रथम अपीलीय आदेश के बाद भी अब तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने बिंदु संख्या 05 में असमंजसता दिखाई और कहा कि यह पत्र प्राप्त नहीं हो रहा है, इसीलिए देर हो रही है। मेरे द्वारा उनको बताया गया कि मेरे बिंदु संख्या 05 से संबंधित पत्र की हार्ड कॉपी नहीं दी गयी थी, बल्कि यह पत्र मुख्यमंत्री पोर्टल के द्वारा भेजा था। इस पत्र की हार्ड कॉपी और कार्यवाही विवरण एल–2 अधिकारी / संयुक्त निदेशक / प्रथम अपीलीय अधिकारी जी के पास प्राप्त हो सकती है। माननीय महोदय, इस बिंदु के अनूठे और अचरज भरे उत्तर पढ़कर आप भी चौंक जायेंगे। लोक सूचना अधिकारी महोदय उत्तर देते हैं कि **'सीएम हैल्पलाईन के माध्यम से सूचना उपलब्ध करा दी गयी है'**, लेकिन महोदय, क्या इनको पता है कि कार्यवाही क्या होनी थी? संबंधित पत्र का विषय क्या था? इससे भी बड़ी हंसने वाली और शर्मनाक बात यह है कि मेरे बताने से पहले 15 मार्च 2026 तक ये लैटर ढूंढ रहे थे और 17 मार्च 2026 को एल–2 अधिकारी महोदय का वेब पर कमेंट आता है कि **'इस संबंध में अवगत कराना है कि शासन के पत्र सूचना अनुभाग देहरादून, दिनांक 21 जून 2023 के क्रम में विज्ञापन संबंधी आवेदन पत्रों के लिए कोई समय सीमा का निर्धारण नहीं किया गया है। क्योंकि उक्त से संबंधित सूचना आपको पूर्व में सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के माध्यम से उपलब्ध कराई जा चुकी है।'** *(संलग्नक–05, 12 एवं 15)*

माननीय महोदय, यहां मुझे लोक सूचना अधिकारी महोदय और एल–2 अधिकारी महोदय नहले पर दहला करने वाले अधिकारी साबित होते दिखाई दे रहे हैं। लेकिन एल–2 अधिकारी जी को यह समझना बेहद आवश्यक है कि **यह पत्र विज्ञापन से संबंधित नहीं है।** कृपया ध्यान से देखें और फिर वेब पर अपनी टिप्पणी करें। महोदय ने यह भी कहा है कि उक्त से संबंधित सूचना आपको पूर्व में सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के माध्यम से उपलब्ध कराई जा चुकी है। जबकि वास्तविक उक्त/बिंदु के संबंध में किसी भी अन्य सूचना अधिकार का प्रयोग ही नहीं गया है। दूसरी तरफ लोक सूचना अधिकारी जी कह रहे हैं कि **'सीएम हैल्पलाईन के माध्यम से सूचना उपलब्ध करा दी गयी है'**। सीएम पोर्टल पर एल–2 अधिकारी कहते हैं कि सूचना अधिकार अधिनियम में सूचना दे दी है और लोक सूचना अधिकारी कहते हैं कि सीएम हैल्पलाईन के माध्यम से सूचना उपलब्ध करा दी गयी है। दोनों महानुभावों को चरण स्पर्श, क्योंकि इतना असीम ज्ञान आज तक मैंने कभी महसूस नहीं किया।

...क्रमशः पृष्ठ 6

...रा राय : गुमराह करने और भ्रमित जवाब देने में पहला स्थान–

माननीय महोदय, कुल मिलाकर... सबसे पहले तो मेरे किसी भी पत्र पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी है। यदि की गयी होती तो क्या डायरी/रजिस्टर में एंट्री की गयी थी? कार्यवाही पूर्ण होने पर लिखित आदेश प्रार्थी को उपलब्ध कराया जाता है। यदि कार्यवाही की गयी होती तो लोक सूचना अधिकारी महोदय ने प्रथम प्रतिउत्तर **अस्पष्ट, असंगत और भ्रमित** करने वाला क्यों दिया? जिसके बाद प्रथम अपील लगाई गयी तो प्रथम अपीलीय अधिकारी महोदय ने संबंधित पत्रों में **पत्रांक न होने की बात में उलझाकर निशुल्क सूचना को सशुल्क सूचना** प्राप्त कराने के आदेश किस धारा के अन्तर्गत दे दिया। जबकि विभाग में विभाग में विज्ञापन के आवेदन बिना दिनांक और बिना पत्रांक के कार्यवाही के लिए चला दिये जाते हैं। *(संलग्नक–16)* बिना आवेदन पत्र के, केवल फोन की सूचना पर पत्रावली तैयार कर ली जाती है। माननीय महोदय, यदि ऐसा हो सकता है मेरे पत्रों से संबंधित कार्यवाही हेतु विभाग बहाने क्यों बनाता है? सूचना अधिकार अधिनियम के आवेदन से संबंधित सूचना देने के लिए लोक सूचना अधिकारी महोदय घुमावदार और भ्रमित करने वाले जवाब क्यों देते हैं?

माननीय महोदय, क्या सूचना विभाग में कार्यवाही ऐसे की जाती है, जिस कार्यवाही का प्रार्थी को ही पता न चले? क्या सूचना अधिकार अधिनियम की शाखा में ऐसे पत्र–व्यवहार किया जाता है कि प्रार्थी को स्वयं से संबंधित सूचना प्राप्त करने में 6 माह लग जायें। क्या पत्रों, विज्ञापन आवेदनों और सूअअ आवेदनों के बारे में महानिदेशक महोदय को पता ही नहीं होता? क्या उनको यह भी नहीं पता होता है कि जो पांच पत्र मुझे भेजे गये थे, उन पर आरटीआई, प्रथम अपील और द्वितीय अपील लग गयी है? या उनकी गैर–मौजूदगी होने पर अपर निदेशक महोदय बिना प्रार्थी को सूचित किये, प्रार्थना पत्रों से संबंधित कार्यवाही को निस्तारित कर देते हैं? क्या लोक सूचना अधिकारी और अपीलीय अधिकारी महोदय के माध्यम से संबंधित सूचना अधिकार की सूचना महानिदेशक महोदय को दी गयी थी? क्या एल–2 अधिकारी महोदय का कर्तव्य यह है कि 'सीएम पोर्टल की शिकायत पर चार महीने बाद टिप्पणी दे दें और वह टिप्पणी भी बिना सिर–पैर की?' क्या एल–3 अधिकारी महोदय का यह कर्तव्य है कि सीएम पोर्टल की 2 फाईलों को 6 माह तक डिमाण्ड पर रख दें और वेब पर प्रश्नगत तथा असंगत टिप्पणी करें?

द्वितीय अपील के आधार–

01. **धारा 2(एफ) एवं 2(जे) का उल्लंघन –** अपीलकर्ता द्वारा स्पष्ट रूप से अभिलेखों/दस्तावेजों की मांग की गई थी, किन्तु लोक सूचना अधिकारी द्वारा अभिलेख उपलब्ध कराने के स्थान पर केवल व्याख्यात्मक, अस्पष्ट, असंगत और भ्रामक उत्तर दिया गया।
02. **पारदर्शिता के सिद्धांत का उल्लंघन (धारा 4–1–सी) का उल्लंघन –** प्रशासनिक निर्णयों एवं कार्यवाही की पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई।
03. **धारा 7(1) का उल्लंघन–** निर्धारित समयावधि में सही एवं पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। बल्कि मुलाकात और प्रतिउत्तरों से भ्रमित किया गया है।
04. **धारा 5(4) का उल्लंघन –** यदि लोक सूचना अधिकारी अपने कर्तव्यों के समुचित निर्वहन के लिए किसी अन्य अधिकारी की सहायता ले सकता है। लेकिन संबंधित मामले कोई स्पष्टता नहीं, कोई सूचना नहीं, अतः कार्य को भ्रमित करके लम्बित किया गया।
05. **धारा 19(1) के आदेश की अवहेलना –** माननीय प्रथम अपीलीय अधिकारी के स्पष्ट आदेश के बावजूद सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई, जो कि आदेश की जानबूझकर अवहेलना (wilful disobedience) है, जिसमें भ्रामक उत्तरों का समावेश है।

...क्रमशः पृष्ठ 7

सूअअ से संबंधित मांग और उत्तरों की स्पष्टता–

01. आवेदित सूचना के बिंदुओं से संबंधित सभी पत्रों और संलग्नकों की छायाप्रतियां उपलब्ध न कराये जाने के कारण को लिखित रूप में स्पष्ट करें। सभी बिंदुओं से संबंधित पत्र, संलग्नक एवं संबंधित कार्यवाही का लिखित रूप में विवरण उपलब्ध करायें।

02. आवेदित सूचना के बिंदु संख्या 01 में संबंधित नियम की मांग की गयी है, न कि नियमावली की नहीं। कृपया संबंधित नियम की छायाप्रति दें अथवा नियम संख्या और पृष्ठ संख्या की सूचना लिखित रूप में स्पष्ट करें।

03. आवेदित सूचना के बिंदु संख्या 01 में एक ही स्वामी की दो गैर–सूचीबद्ध पत्रिकाओं को निजी दर पर विज्ञापन देने से संबंधित नियम की छायाप्रति दें। गैर–सूचीबद्ध पत्रिकाओं का विज्ञापन का आवेदन न होने, रेट कार्ड न होने के बाद भी विज्ञापन देने और विज्ञापन दर/राशि का सेटेलमेंट करने से संबंधित नियम संख्या और पृष्ठ संख्या की सूचना लिखित रूप में स्पष्ट करें।

04. आवेदित सूचना के बिंदु संख्या 02 में, समाचार पत्र का पंजीयन प्रमाण पत्र (RNI Certificate) न होने और विज्ञापन के लिए सूचीबद्ध भी न होने के बाद भी विज्ञापन दिया गया है। संबंधित नियम संख्या और पृष्ठ संख्या की सूचना लिखित रूप में स्पष्ट करें।

05. आवेदित सूचना के चौथे और पांचवे बिंदु में वास्तविक बिंदु, विषय को छोड़कर केवल उसकी व्याख्या को बिंदु बनाने और संबंधित उत्तरों में परिवर्तन के कारण को लिखित रूप में स्पष्ट करें। सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की संबंधित धारा भी लिखित रूप में स्पष्ट करें।

06. बिंदु संख्या 05 में लोक सूचना अधिकारी महोदय के अनुसार, **'कार्यवाही विवरण संबंधित सूचना सीएम पोर्टल से उपलब्ध करा दी है'** और इसी सूचना के लिए एल–2 अधिकारी महोदय के अनुसार, **'सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के माध्यम से संबंधित सूचना उपलब्ध करा दी गयी है।'** इन घुमावदार उत्तरों के संबंध में लिखित रूप में स्पष्ट करें कि–

06.01– मेरे द्वारा संबंधित पत्र और संबंधित सूअअ आवेदन में किस पत्र की सूचना मांगी गयी है, लिखित रूप में स्पष्ट करें और संबंधित पत्र उपलब्ध करायें।

06.02– लोक सूचना अधिकारी महोदय 'सीएम पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई गयी सूचना' को लिखित रूप में स्पष्ट करें। संबंधित दस्तावेज भी उपलब्ध करायें।

06.03– एल–2 अधिकारी महोदय 'सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के माध्यम से उपलब्ध कराई गयी सूचना' को लिखित रूप में स्पष्ट करें। संबंधित दस्तावेज भी उपलब्ध करायें।

07. प्रथम अपीलीय अधिकारी महोदय के द्वारा संबंधित पत्रों में पत्रांक न होने की बात में उलझाकर निशुल्क प्राप्त होने वाली सूचना को सशुल्क प्राप्त कराने का आदेश दिया गया। सूचना अधिकार अधिनियम की संबंधित धारा को स्पष्ट करें। संबंधित छायाप्रति/दस्तावेज भी उपलब्ध करायें।

08. लोक सूचना अधिकारी महोदय द्वारा प्रथम अपीलीय आदेश का अनुपालन करने के लिए अपीलार्थी से पत्रों की व्याख्या लिखवाने के कारण एवं संबंधित धारा को लिखित रूप में स्पष्ट करें।

...क्रमशः पृष्ठ 8

माननीय आयोग से विनम्र निवेदन है कि–

01. मेरे द्वारा दिये गये सभी द्वितीय अपील के आधारों पर चर्चा हो एवं संबंधित आदेश उपलब्ध करायें।
02. जिन–जिन बिंदुओं में मुझे अस्पष्टता प्राप्त हुयी और मुझे भ्रमित किया गया, संबंधित अधिकारी उन सभी बिंदुओं में लिखत रूप में स्पष्टता दें।
03. लोक सूचना अधिकारी को निर्देशित किया जाए कि अपीलकर्ता द्वारा मांगी गई समस्त सूचना, संबंधित अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां, फाइल नोटिंग, रजिस्टर/डायरी क्रमांक एवं कार्यवाही विवरण निर्धारित समय में उपलब्ध कराएं।
04. संबंधित लोक सूचना अधिकारी अथवा संबंधित प्रभाग अधिकारी पर निम्न कारणों से दंड लगाया जाए। क्योंकि जानबूझकर सूचना उपलब्ध न कराना, भ्रामक एवं गलत सूचना प्रदान करना, प्रथम अपील आदेश की अवहेलना करना, संबंधित बिंदुओं और उनके उत्तरों में मनमाफिक परिवर्तन करके गुमराह करने का कार्य इनके द्वारा किया गया है।
03. धारा 19–8 (इ) के अन्तर्गत अपीलकर्ता को हुए शारीरिक, आर्थिक, मानसिक एवं प्रशासनिक कष्ट के लिए उचित क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए।

संलग्नक–

संलग्नक 01– 08 अक्टूबर 2025 को भेजा गया पत्र। **संलग्नक 02–** 13 अक्टूबर 2025 को भेजा गया पत्र। **संलग्नक 03–** 24 अक्टूबर 2025 को भेजा गया पत्र। **संलग्नक 04–** 30 अक्टूबर 2025 को भेजा गया पत्र। **संलग्नक 05–** 19 नवम्बर 2025 को भेजा गया पत्र। **संलग्नक 06–** उक्त पांच पत्रों की छायाप्रति और कार्यवाही विवरण से संबंधित आरटीआई आवेदन। **संलग्नक 07–** आरटीआई आवेदन का प्रतिउत्तर। **संलग्नक 08–** धारा 19(1) के अंतर्गत प्रथम अपीलीय पत्र। **संलग्नक 09–** प्रथम अपील सुनवाई नोटिस से संबंधित पत्र। **संलग्नक 10–** प्रथम अपीलीय अधिकारी का आदेश पत्र। **संलग्नक 11–** लोक सूचना अधिकारी द्वारा मांगा गया पत्रों से संबंधित व्याख्या पत्र। **संलग्नक 12–** प्रथम अपील आदेश अनुपालन से संबंधित पत्र। **संलग्नक13–** 'पर्वत जन' पर लगी आरटीआई बिंदु, प्रतिउत्तर और प्रथम अपील अनुपालन पत्र। **संलग्नक 14–** 'बिनसरी को घाम' पर लगी आरटीआई बिंदु और प्रतिउत्तर। **संलग्नक 15–** सीएम पोर्टल कमेंट। **संलग्नक 16–** 'पर्वत जन' बिना पत्रांक और बिना दिनांक का आवेदन।

सूचनार्थ प्रतिलिपि–

1. प्रधानमंत्री, भारत सरकार। (via Mail) **2.** केन्द्रीय लोक सूचना आयोग। (via Mail) **3.** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सरकार। (via Mail) **4.** मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड सरकार। (via Mail) **5.** प्रमुख सचिव, उत्तराखण्ड सरकार। (via Mail) **6.** महानिदेशक, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग। (Photocopy & via Whatsapp) **7.** लोक सूचना अधिकारी, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग। (Photocopy) **8.** प्रेस विज्ञप्ति– प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और वेब मीडिया।

दिनांक : 27 अप्रैल 2026
स्थान : देहरादून

प्रार्थी/अपीलार्थी
27/4/26
(राज शेखर भट्ट)
c\o अनिल कुमार कक्कड़, शिव गिरधर
निकुंज कॉलोनी, नियर नालापानी चौक
देहरादून (मो. 8859969483)

सेवा में,

श्रीमान् बंशीधर तिवारी जी
महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
देहरादून, (उत्तराखण्ड)

विषय– निजी दर के आवेदन को विभागीय दर में परिवर्तित करने के कारण को जानने के संबंध में।

महोदय,

विनम्र निवेदन इस प्रकार है कि आपके विभाग की छवि बीते 25 वर्षों साफ और स्वच्छ है। आपके साथ–साथ सभी अन्य अधिकारी–कर्मचारी भी साफ–सुथरी छवि के हैं। जो कि सूचना अधिकार अधिनियम की सूचना का जवाब भी अधूरा/गलत/भ्रमित करने वाला देते हैं। ***(संलग्नक–01–02–03)***

महोदय, आपसे एक सूचना/जानकारी की प्राप्त करना चाहते हैं, आशा है कि आप सही/उचित और नियमानुरूप जानकारी/सूचना/कारण बताकर मार्गदर्शन करेंगे। देहरादून से प्रकाशित दो पत्रिकाओं (एक मासिक और एक पाक्षिक), जो विज्ञापन सूचीबद्ध नहीं है, के संबंध में जानकारी देने का कष्ट करें।

1. पर्वत जन (मासिक पत्रिका)– फरवरी 2024– 10 लाख रूपये, जुलाई 2024– 5 लाख रूपये, अक्टूबर 2024– 5 लाख रूपये, नवम्बर 2024– 5 लाख रूपये, फरवरी 2025– 5 लाख रूपये और मई 2025– 5 लाख रूपये = **कुल 35 लाख रूपये।**

2. हस्तक्षेप (पाक्षिक पत्रिका)– दिसम्बर 2022– 2 लाख रूपये, दिसम्बर 2022– 3 लाख रूपये, फरवरी 2025– 5 लाख रूपये और मई 2025– 5 लाख रूपये = **कुल 15 लाख रूपये।**

जबकि यह दोनों पत्रिकायें एक ही स्वामी 'शिव प्रसाद सेमवाल' की हैं। (संलग्नक–04–05)

महोदय, आपको एक पत्र पहले भी भेजा था, लेकिन अब तक कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि आप स्वयं बेहद व्यस्त है, भूल गये होंगे, लेकिन सूचना निदेशालय के साथ–साथ सभी पत्रकारों को आपसे ही आशा है। कृपया याद करें तथा जवाब देने की कृपा करें। **(संलग्नक–06)**

धन्यवाद

दिनांक : 08.10.2025

सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत द्वितीय अपील हेतु जमा की जा रही छायाप्रति।

(राज शेखर भट्ट)

c/o अनिल कुमार कक्कड़, शिव गिरधर निकुंज कॉलोनी, नियर नालापानी चौक देहरादून (मो. 8859969483)

8/10/25

संलग्नक–01

सेवा में,

श्रीमान् बंशीधर तिवारी जी
महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
देहरादून, (उत्तराखण्ड)

विषय— **न्यूज हाईट को पंजीयन प्रमाण पत्र न होने पर भी निजी विज्ञापन जारी करने के कारण को जानने के संबंध में।**

महोदय,

विनम्र निवेदन इस प्रकार है कि आपके विभाग की छवि बीते 25 वर्षों साफ और स्वच्छ है। आपके साथ–साथ सभी अन्य अधिकारी–कर्मचारी भी साफ–सुथरी छवि के हैं। आपके विभाग में विज्ञापन अधिकारियों ने बताया था कि **गैर–सूचीबद्ध समाचार पत्र/पत्रिका को निजी दर पर विज्ञापन दिया जा सकता है, लेकिन पंजीयन प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।**

महोदय, देहरादून (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित साप्ताहिक समाचार पत्र **न्यूज हाईट** विभाग में विज्ञापन के लिए सूचीबद्ध नहीं है। सूत्रों के अनुसार इस समाचार पत्र को फरवरी 2023 से दिसम्बर 2024 तक निजी दर पर 21 लाख रूपये के विज्ञापन दिये गये हैं। इस समाचार पत्र को **पहला विज्ञापन फरवरी 2023** में दिया गया है और समाचार पत्र की **पंजीकरण तिथि नवम्बर 2023** है। *(प्रतिलिपि संलग्न)*

महोदय, मेरे द्वारा नियमावली को खूब पढ़ा गया, लेकिन ऐसा नियम मुझे नियमावली में प्राप्त नहीं हुआ है। हो सकता है कि मैं ठीक से पढ़ नहीं पाया हू, अतः मेरी गलती को सही करने की कृपा करें। कृपया उक्त मामले से संबंधित नियम की प्रतिलिपि उपलब्ध कराने की कृपा करें। महोदय, हो सके तो इससे पूर्व दो प्रार्थना पत्रों को भी अपने संज्ञान में लायें, उसका प्रति उत्तर दें और हमारा मार्गदर्शन करें। सदैव आपके आभारी रहेंगे।

धन्यवाद

दिनांक : 13.10.2025

सूचना अधिकार अधिनियम 2005
के अंतर्गत द्वितीय अपील हेतु
जमा की जा रही प्रतिलिपि।

(सूरज शेखर भट्ट)
c/o अनिल कुमार कक्कड़, शिव गिरधर
निकुंज कॉलोनी, नियर नालापानी चौक
देहरादून (मो. 8859969483)

13/10/25

संलग्नक-02

RNI. UTTHIN\2013\48109

उक्रांद टाइम्स

साप्ताहिक समाचार पत्र

पत्रांक : UT/Add2025-02 दिनांक : 24-10-2025

सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत द्वितीय अपील हेतु जमा की जा रही

सेवा में,

श्रीमान् पुष्कर सिंह धामी जी
माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सरकार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

द्वारा– महानिदेशक महोदय, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, देहरादून (उत्तराखण्ड)

विषय– *समाचार पत्र को निजी दर पर विज्ञापन जारी करने के संबंध में।*

महोदय,

निवेदन इस प्रकार है कि उत्तराखण्ड सरकार बीते कई वर्षों से राज्य के हित में सराहनीय कार्य कर रही है। हमारे युवा एवं दमदार मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के कठिन प्रयासों के चलते हमारी देवभूमि को नई–नई उपलब्धियां प्राप्त हो रही हैं। जिनके अन्तर्गत मुख्यमंत्री महोदय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक सुविधाओं को प्राथमिक स्थान पर रखा गया है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं, वृद्धों और बाल–विकास के संबंधित अनेक बिंदुओं को अग्रसर रखते हुये कार्य किया है।

साप्ताहिक समाचार पत्र "उक्रांद टाईम्स" एक विशेषांक प्रकाशित करने जा रहा है। महोदय से निवेदन है कि समाचार पत्र को उत्तराखण्ड पर्यटन से संबंधित विज्ञापन विशेषांक हेतु निजी दर पर दो पृष्ठ का विज्ञापन देने की कृपा करें। जिससे कि समाचार पत्र के प्रकाशन को सहयोग प्राप्त हो सके और उत्तराखण्ड पर्यटन का प्रचार–प्रसार हो सके।

सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत द्वितीय अपील हेतु जमा की जा रही

धन्यवाद

दिनांक– ~~21.10.2025~~ 24.10.2025

प्रार्थी
[signature]

प्रकाशक/सम्पादक
8859969483
c\o अनिल कुमार कक्कड़, शिव गिरधर निकुंज कॉलोनी, नियर नालापानी चौक
देहरादून (मो. 8859969483)

संलग्न–
1. समाचार पत्र का आरएनआई प्रमाण पत्र।
2. समाचार पत्र का रेट कार्ड।

प्रतिलिपि–
1. मेल के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार।
2. मुख्यमंत्री समधान पोर्टल, विज्ञापन हेतु।

[stamp] 24/10/25

[signature]
प्रकाशक/सम्पादक

संलग्न - 03

सेवा में,

श्रीमान् महानिदेशक महोदय
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
देहरादून (उत्तराखण्ड)

विषय– 1. सीएम पोर्टल पर की गयी शिकायतों को लम्बित करने एवं वेब पर अपनी टिप्पणी प्रश्नगत न देने के संबंध में।
2. पत्रों के संबंध में न सूचना मिलना और न ही प्रतिउत्तर प्राप्त होने के संबंध में।

संदर्भ– 1. सीएम पोर्टल पर 26 अगस्त 2025 की गयी शिकायत– CMHL-082025-2-828928. *(संलग्न–1)*।
2. सीएम पोर्टल पर 29 अगस्त 2025 की गयी शिकायत– CMHL-082025-2-831518. *(संलग्न–2)*।

महोदय,

विनम्र निवेदन इस प्रकार है कि आपके विभाग की छवि बीते 25 वर्षों साफ और स्वच्छ है। मुझे भी यह कहते हुये गर्व महसूस होता है कि **सूचना विभाग हमारा विभाग है, जो पक्षपात नहीं करता और न ही पत्रों के जवाब देने और कार्यवाही करने में देर करता है।** महोदय, 22 अगस्त 2025 से न मुझे पत्रों से संतुष्टि मिली है और न सूचना अधिकार अधिनियम के प्रतिउत्तरों से, जो अब तक 8 अपीलें दर्ज हैं। महोदय, सीएम पोर्टल से समाधान करने का विभाग का तरीका मुझे उचित नहीं लगा।

महोदय, विभाग से आपको सभी सूचनायें दी जा रही हैं या नहीं, यह बात भी मेरी नजर में संशय में है। मुझे केवल प्रतिउत्तर की आवश्यकता है। **यदि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को कार्य नहीं करना, शिकायत निस्तारण नहीं करना है तो लिखित तौर पर बता दे, जिससे कि मुझे और अधिकारी दोनों को संतुष्टि मिल जाये।** खैर, महोदय से विनम्र निवेदन है कि सबसे पहले निम्न बातों पर अमल करते हुये संबंधित आदेश करने का कष्ट करें–

1. सीएम पोर्टल पर की गयी शिकायतों को लम्बित करने एवं वेब पर अपनी टिप्पणी प्रश्नगत न देने के संबंध में।

सूचना अधिकार अधिनियम 2005

1. 26 अगस्त 2025 को सीएम पोर्टल पर लगाई गयी पहली शिकायत। **एल–1 अधिकारी** ने तुरंत कार्य किया और फाईल को अग्रसारित कर दिया। **एल–2 अधिकारी** ने 27 अगस्त 2025 से 28 सितम्बर 2025 तक न शिकायत संबंधी कोई कार्य नहीं किया और न ही वेब पर कोई टिप्पणी दी। 1905 में कॉल करने के बाद इस फाईल को एल–3 अधिकारी को हस्तांतरित कर दिया गया। **एल–3 अधिकारी** ने 28 सितम्बर 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक शिकायत का कोई भी संज्ञान नहीं लिया, जबकि कई बार 1905 पर कॉल की गयी थी। 15 अक्टूबर 2025 को **एल–3 अधिकारी** के द्वारा फाईल को डिमाण्ड में रख दिया गया और अब भी वो डिमाण्ड में ही है। जिसमें एल–3 अधिकारी के द्वारा टिप्पणी दी गयी कि **"संबंधित शिकायत के क्रम में अवगत कराना है कि संबंधित द्वारा वर्णित सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के तहत भी मांगी गई है। जिसका अवलोकन करने हेतु सम्बन्धित को सूचित किया गया है।"**

...क्रमशः पृष्ठ 2

संलग्न–04

महोदय, मेरी नजर में यह कामचोरी और फाईल को लम्बित करने के अलावा कुछ नहीं है। सीएम पोर्टल की शिकायत को सूचना अधिकार अधिनियम से जोड़कर खत्म करना, यदि यही कार्यवाही है तो शिकायत करने वाला अर्थात मैं ही बेवकूफ हूं।

2. 29 अगस्त 2025 को सीएम पोर्टल पर लगाई गयी दूसरी शिकायत। **एल–1 अधिकारी** ने तुरंत कार्य किया और फाईल को अग्रसारित कर दिया। **एल–2 अधिकारी** ने 30 अगस्त 2025 से 26 सितम्बर 2025 तक न शिकायत संबंधी कोई कार्य नहीं किया और न ही वेब पर कोई टिप्पणी दी। 1905 में कॉल करने के बाद इस फाईल को एल–3 अधिकारी को हस्तांतरित कर दिया गया। **एल–3 अधिकारी** ने 26 सितम्बर 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक शिकायत का कोई भी संज्ञान नहीं लिया, जबकि कई बार 1905 पर कॉल की गयी थी। 15 अक्टूबर 2025 को **एल–3 अधिकारी** के द्वारा फाईल को डिमाण्ड में रख दिया गया और अब भी वो डिमाण्ड में ही है। जिसमें एल–3 अधिकारी के द्वारा टिप्पणी दी गयी कि **"संबंधित शिकायत के कम में अवगत कराना है कि विभाग द्वारा वर्तमान में प्रचलित 'उत्तराखण्ड प्रिन्ट मीडिया नियमावली 2015' (संशोधित, 2016) निहित व्यवस्था के अनुसार विज्ञापन दिये जा रहे है। नियमावली विभागीय वेबसाइट uttarainformation.gov.in पर उपलब्ध है।"**

महोदय, मेरी नजर में यह भी कामचोरी और फाईल को लम्बित करने दूसरा मामला है। **एल–3 अधिकारी** की इस टिप्पणी को मैं प्रश्नगत उत्तर नहीं मानता हूं, यदि यही उत्तर है तो लिखित रूप में देने के आदेश दें। मेरे द्वारा की गयी शिकायत के अनुसार– **"महोदय से विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त विज्ञापन किस नियम के अनुसार दिये गये हैं, उसकी प्रमाणित प्रति उपलब्ध करवायें। यदि यह विज्ञापन मुख्यमंत्री के आदेश पर दिये गये हैं, तो मुख्यमंत्री के आदेश की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करायें।"** लेकिन एल–3 अधिकारी का कहना है कि "उत्तराखण्ड प्रिंट मीडिया नियमावली निहित व्यवस्था के अनुसार विज्ञापन दिये गये हैं, नियमावली इस वेबसाईट पर उपलब्ध है।" **सोचने वाली बात यह है महोदय कि "मेरे द्वारा समाधान मांगा गया था या समाधान का तरीका बताने की बात कही गयी थी। मेरे द्वारा नियम की बात की गयी थी या नियमावली की बात की गयी थी।"** महोदय कृपया एल–3 अधिकारी को यह स्पष्ट करने के आदेश दें।

2. पत्रों के संबंध में न सूचना मिलना और न ही प्रतिउत्तर प्राप्त होने के संबंध में।

1. 25 सितम्बर 2025 का पत्र, जिसके अन्तर्गत केवल यह जानने की जिज्ञासा थी कि निजी दर के विज्ञापन की मांग को विभागीय दर पर क्यों निस्तारित किया गया। जबकि जून 2025 में जमा आवेदन, जिसको 30 अगस्त तक लम्बित किया गया। उसके बाद आपसे मिलकर बताया गया, आपके कहने पर अंकित जी को भी अपने समाचार का नाम भी लिखवाया और यह भी बताया कि यह निजी दर पर विज्ञापन की मांग है। फलस्वरूप, आवेदन पर कार्यवाही हुयी और 22 सितम्बर 2025 को विभागीय दर पर विज्ञापन जारी किया गया। अब तक कोई भी प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हुआ। *(संलग्न–3)*

2. 08 अक्टूबर 2025 का पत्र, जिसके अन्तर्गत उपरोक्त 25 सितम्बर 2025 के पत्र का उत्तर प्राप्त न होने की बात कही गयी है। इसी पत्र में मासिक पत्रिका **पर्वत जन** और पाक्षिक पत्रिका **हस्तक्षेप** को

...क्रमशः पृष्ठ 3

लगातार निजी दर पर विज्ञापन देने से संबंधित नियम या आदेश के बारे में पूछा गया है, जबकि दोनों पत्रिकायें एक ही स्वामी के नाम पर हैं और दोनों **विज्ञापन के लिए सूचीबद्ध नहीं** हैं। अब तक कोई भी प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हुआ। *(संलग्न–4)*

3. 13 अक्टूबर 2025 का पत्र, जिसके अन्तर्गत न्यूज हाईट समाचार पत्र के बारे में पूछा गया था कि "जिस समाचार पत्र का **पंजीकरण नवम्बर 2023** में हुआ और इस पत्र को निजी दर पर विज्ञापन **फरवरी 2023** में दिया गया है, संबंधित नियम उपलब्ध करायें। इसी पत्र में उपरोक्त दो पत्रों की याद भी दिलाई गयी थी, लेकिन अब तक कोई भी प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हुआ। *(संलग्न–5)*

सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत द्वितीय अपील हेतु जमा की जा रही छायाप्रति।

महोदय, अधिकतर पत्रकारों से, सूचना एवं एमडीडीए में अधिकतर अधिकारी–कर्मचारियों से आपके व्यवहार की तारीफ ही सुनी है। आपकी कार्यप्रणाली और कार्य कुशलता की अच्छी बातें ही सामने आई हैं। महोदय, अब तक मेरे द्वारा उठाये गये सारे प्रकरणों में जरूरी नहीं है कि आपकी ही गलती हो। लेकिन विभाग में क्या हो रहा है, कैसे हो रहा है, क्यों हो रहा है, यह तो आपके संज्ञान में होना चाहिए। यदि यह सभी कार्य अथवा कोई अन्य कार्य भी आपकी अनुमति के बगैर हो रहा है या हो चुका है तो उसकी जानकारी लें और हमारे विभाग को बदनाम होने से बचायें। महोदय, मैं भी अपनी जांच/कार्यवाही को इतना लम्बा खीचना नहीं चाहता हूं, जिससे कि हमारा वह विभाग पिसे, जिस पर हमको गर्व है। अतः कृपया उक्त सीएम पोर्टल से संबंधित दो शिकायतों और उपरोक्त 3 पत्रों के संबंध में जानकारी लें तथा कार्यवाही होने लायक हों तो अधिकारियों/कर्मचारियों को आदेशित करने का कष्ट करें।

महोदय, इस पत्र या उपरोक्त सभी पत्रों से संबंधित यदि मुझे प्रतिउत्तर प्राप्त होता है तो मुझे आपसे मुलाकात करने का भी समय चाहिए। जिससे कि मैं अपने ही विभाग के खिलाफ न जाउं और कुछ अन्य मामलों के संबंध में दस्तावेज आपको दिखाउं, जो कि गलत है और जिनमें सुधार की आवश्यकता है।

धन्यवाद

सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत द्वितीय अपील हेतु जमा की जा रही छायाप्रति।

दिनांक : 30.10.2025

(राज शेखर भट्ट)
C\O अनिल कुमार कक्कड़, शिव गिरधर
निकुंज कॉलोनी, नियर नालापानी चौक
देहरादून (मो. 8859969483)

प्रार्थना पत्र (सूचनार्थ)

सेवा में,

श्रीमान् महानिदेशक महोदय
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
देहरादून (उत्तराखण्ड)

विषय— महानिदेशक महोदय को पूर्व में भेजे गये सभी पत्रों के संबंध में।

महोदय,

विनम्र निवेदन इस प्रकार है कि आपके विभाग की छवि बीते 25 वर्षों साफ और स्वच्छ है। मुझे भी यह कहते हुये गर्व महसूस होता है कि सूचना विभाग हम पत्रकारों का भी विभाग है, जो पक्षपात नहीं करता और न ही पत्रों के जवाब देने और कार्यवाही करने में देर करता है। महोदय, 22 अगस्त 2025 से अब 22 नवम्बर आने को है, लेकिन तब से अब तक विभाग की व्यवस्था को मैं समझ नहीं पाया हूं। महोदय, यदि मेरे द्वारा प्रकाशित किये गये समाचारों, मांगे गये सूचना अधिकारों और आपको भेजे गये सभी प्रार्थना पत्रों से आपको नाराजगी है, तो वह भी आप बता सकते हैं और नियमानुसार मुझे सजा भी दे सकते हैं।

महोदय, **मैं पहले ही साफ तौर पर बता दूं कि सूचना विभाग के किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी से मेरी निजी लड़ाई न कभी थी, न है और न ही कभी होगी। मैं केवल विभाग की व्यवस्था पर सवाल उठा रहा हूं और व्यवस्था को समझने की कोशिश कर रहा हूं।** इसी संबंध में मेरे द्वारा आपको प्रार्थना पत्र भी भेजे जा रहे हैं, लेकिन वह आपको प्राप्त हो रहे हैं या नहीं, यह बात अभी संशय में है। क्योंकि यदि पत्र ही आपके पास नहीं पहुंच रहे हैं, तो आगे की कार्यवाही तो पहले ही शून्य मानी जायेगी। महोदय, यदि पत्र आपके पास पहुंच रहे हैं और उस पर कोई कार्यवाही न हो तो सीधा मतलब है कि आपकी नाराजगी कार्यवाही से ऊपर है, या आप अन्य कार्यों में व्यस्त है। महोदय, आपको दुबारा क्रमानुसार बता दूं कि मेरे द्वारा भेजे गये पत्र निम्न हैं—

01. **01 सितम्बर 2025** — पत्र प्राप्ति के बाद आपने बुलाया और आपसे मुलाकात भी हुयी। इस पर कार्यवाही हुयी थी और निजी दर पर मांगे गये विज्ञापन को विभागीय दर पर दिया गया था।
02. **25 सितम्बर 2025** — निजी दर पर मांगे गये विज्ञापन को विभागीय दर पर दिया गया था। यह पत्र उसका कारण जानने से संबंधित था, जिसका प्रतिउत्तर अब तक प्राप्त नहीं हुआ। यह पत्र आपको प्राप्त हुआ या नहीं, पता नहीं।
03. **08 अक्टूबर 2025** — जिसका प्रतिउत्तर अब तक प्राप्त नहीं हुआ। इस पत्र के साथ 6 संलग्नक भी हैं, यह पत्र भी आपको प्राप्त हुआ या नहीं, पता नहीं।
04. **13 अक्टूबर 2025** — जिसका प्रतिउत्तर अब तक प्राप्त नहीं हुआ। इस पत्र के साथ 1 संलग्नक भी है, यह पत्र भी आपको प्राप्त हुआ या नहीं, पता नहीं।
05. **24 अक्टूबर 2025** — यह पत्र निजी दर पर विज्ञापन के लिए दिया गया है, जिसके साथ आरएनआई प्रमाण पत्र और कमर्सियल रेट कार्ड भी संलग्न है। जिसका प्रतिउत्तर अब तक प्राप्त नहीं हुआ। क्योंकि व्यवस्था ने मुझे पहले ही बता दिया है कि 3 माह के बाद ही यह कार्य होगा। जबकि बड़े पत्रकारों के विज्ञापन आवेदन और विज्ञापन आरओ दोनों की तिथि एक ही रहती है।
06. **30 अक्टूबर 2025** — जिसका प्रतिउत्तर अब तक प्राप्त नहीं हुआ। इस पत्र के साथ 5 संलग्नक भी हैं, यह पत्र भी आपको प्राप्त हुआ या नहीं, पता नहीं।
07. **15 नवम्बर 2025** — यह पत्र सूचनार्थ दिया गया था, अतः इस कार्यवाही की आवश्यकता नहीं। यह पत्र भी आपको प्राप्त हुआ या नहीं, पता नहीं।

संलग्न -05

महोदय, यदि मेरी आकांक्षा केवल विज्ञापन की होती अथवा केवल आपसे मिलना ही मेरा लक्ष्य होता तो आपसे मिलने के लिए मैं बिना सूचित किये भी आ सकता हूं। लेकिन जब कार्यवाही कागजी तौर पर चल रही हो तो आपसे मिलने का समय भी लूंगा और आपकी स्वीकृति के बाद ही आपसे मिलकर बात करूंगा। **आपकी छवि मेरी नजर में एक उम्दा और सभी के हित में कार्य करने वाले अच्छे महानिदेशक की है. आपकी व्यस्तता का भी मुझे पता है, लेकिन मेरे पत्र आपको मिले हों और आप ही नहीं मिलना चाहते हों तो बात और है, लेकिन आपको मेरे पत्र ही प्राप्त नहीं हुये तो यह तो यह विभाग की व्यवस्था पर तीखा सवाल है।**

महोदय, मैं किसी के खिलाफ जाना चाहता हूं। मेरी लड़ाई केवल उस व्यवस्था से है, जिस व्यवस्था में मुझे पक्षपात की भावना नजर आई और बीते कई वर्षों से परेशानी हुयी है। इसीलिए लिए मैंने विभाग को और विभाग की व्यवस्था को जानना चाहा तथा सूचना अधिकार अधिनियम का सहारा लिया। फलस्वरूप, मुझे सूचना विभाग के एक प्रभाग/अनुभाग 'प्रिंट मीडिया' से संबंधित अनेक बिंदुओं का पता चला, जो कि 15 नवम्बर 2025 को भेजे गये पत्र में उल्लिखित है। यदि मेरे द्वारा भेजे गये सभी पत्र आपके संज्ञान में हैं और आपके द्वारा ही प्रतिउत्तर नहीं भेजे जा रहे हैं, तो अब मैं भी इस संदर्भ में कुछ नहीं कह सकता, क्योंकि मुख्य व्यवस्थापक/व्यवस्थाधिकारी आप ही हैं। वहीं दूसरी ओर यदि मेरे द्वारा भेजे गये पत्र आपके संज्ञान में नहीं हैं, आप तक पहुंच ही नहीं पाये हैं तो यह सीधा–सीधा विभाग की ठप्प और लचर व्यवस्था को दर्शाता है। सूचना विभाग के अन्य प्रभाग/अनुभाग में व्यवस्था का हाल क्या है, यह भी जानने–समझने की आवश्यकता पड़ी है तो संबंधित कदम उठाने के लिए भी मैं तत्पर रहूंगा। क्योंकि मेरे अलावा कई लोग और भी होंगे, जो प्रिंट मीडिया, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया, वेब मीडिया, लघु फिल्म, समिति, संस्कृति, यूनियन, मान्यता, सूचीबद्धता इत्यादि अनेक चीजों से संबंध रखते होंगे। हो सकता है कि उनकी आवाज, उनके पत्र, उनकी समस्या, उनकी परेशानी आप तक पहुंच नहीं पा रही हो।

महोदय, अब केवल समस्या इतनी सी है कि मेरे द्वारा आपको भेजे जा रहे पत्र आपको प्राप्त हो रहे हैं या नहीं? अगर प्राप्त हो रहे हैं तो महोदय आपके स्तर से प्रतिउत्तर क्यों नहीं आ रहे हैं। मैं अपने पत्रों की स्थिति और कार्यवाही का विवरण जानने के लिए सूचना अधिकार अधिनियम का सहारा नहीं लेना चाहता हूं। क्योंकि किसी विभाग में पत्र भेजो और पत्र पर हुयी कार्यवाही को जानने के लिए सूचना अधिकार अधिनियम का प्रयोग करो। महोदय, मेरी नजर में यह प्रार्थी, विभाग और सरकार के लिए के लिए शरम की होगी।

नोट– इस पत्र में उपरोक्त सभी बातों के अन्तर्गत मैं किसी भी अधिकारी–कर्मचारी पर आरोप नहीं लगा रहा हूं। बस संदेह है कि महानिदेशक महोदय ही पत्रों का प्रतिउत्तर नहीं दे रहे हैं या पत्र उनके पास नहीं पहुंच रहे हैं।

सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत द्वितीय अपील हेतु जमा की जा रही छायाप्रति।

धन्यवाद

दिनांक : 19.11.2025

(राज शेखर भट्ट)
C\O अनिल कुमार कक्कड़, शिव गिरधर
निकुंज कॉलोनी, नियर नालापानी चौक
देहरादून (मो. 8859969483)

REGISTERED COMPLAINT

Add Comment

Complaint Term	Complaint (शिकायत)
Department	सूचना एवं लोक संपर्क विभाग
Sub Department	सूचना एवं लोक संपर्क विभाग
Attributes	आवेदन सम्बन्धी
District	देहरादून
Block	देहरादून
Complaint Source	Portal
Complaint Date	19-Nov-2025
Assigned Date	19-Nov-2025
Assigned Officer	श्री कलम सिंह चौहान - L2
Complaint Summary	एल-1 तथा एल-2 अधिकारी से विनम्र निवेदन है कि यह प्रार्थना पत्र महानिदेशक महोदय के नाम पर है और उन्हीं से संबंधित है। अतः प्रार्थी के ऊपर इतना दयाभाव जरूर करें कि महानिदेशक महोदय को पत्र पहुंच जाये। साधारण तरीके से बहुत पत्र भेजे जा चुके हैं। लेकिन अब तक पता नहीं चल पाया है कि वह पत्र महानिदेशक महोदय तक पहुंच पाये हैं अथवा किसी अन्य अधिकारी ने अपने स्तर पर ही बिना कार्यवाही के उनको निस्तारित कर दिया है। क्योंकि इस विभाग में काम हुआ है या नहीं हुआ है, इसका प्रतिउत्तर या सूचना देने का रिवाज नहीं है। धन्यवाद
Complaint Current Status	Assigned
Complaint Last Updated On	26-Nov-2025 02:50 pm

CALLER DETAILS

Full Name	Raj Shekhar `Bhatt
Gender	Male
Email	rajshekharbhatt@gmail.com
Address	83/1, bakralwala
District	देहरादून
City	Bakralwala
Block	रायपुर
Pincode	248001

सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत द्वितीय अपील हेतु जमा की जा रही छायाप्रति।

COMPLAINT ATTACHMENTS -

application_19112025.pdf

Comment Date	Comment By	Comment	Attachment
26-Nov-2025 02:50 pm	**Raj Shekhar `Bhatt (Caller)**	एल2 अधिकारी महोदय से निवेदन है कि इस प्रार्थना पत्रशिकायत में इतना समय लगने से संबंधित कार्य नहीं है कि 7 दिन 15 दिन या 1 महीने का समय लगेगा। जैसा कि आपके द्वारा पिछली दो शिकायतों में एक माह तक कोई भी प्रतिउत्तर नहीं दिया गया न वेब पर कमेंट किया न किसी अन्य अधिकारी को शिकायत अग्रसारित की और न ही कोई कार्यवाही की। जिन दोनों शिकायतों को एल3 अधिकारी ने अब तक डिमाण्ड पर रखा हुआ है। सीएम और सीएम पोर्टल बनाने का औचित्य क्या रह जाता है जब अधिकारी संज्ञान ही न ले।	
19-Nov-2025 04:08 pm	**BADRI CHAND *(Officer)***	Complaint/Reference sent to other Level. - महोदय, शिकायतकर्ता की शिकायत निस्तारण हेतु अग्रसारित।	

सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत द्वितीय अपील हेतु जमा की जा रही छायाप्रति।

सूचना अधिकार अधिनियम 2005

RTI-16

- 483/222/2025
- 16/प्र-01
- 38/2025

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग
देहरादून (उत्तराखण्ड)

विषय– सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने के संबंध में।

महोदय,

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग की व्यवस्था में मनमर्जी की व्यवस्था है, इस बात की पुष्टि तो पहले ही हो चुकी है। लेकिन अधिकारी–कर्मचारी नियमानुसार कितना कार्यवाही कर रहे हैं और कितना अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन रहे हैं, इसको जानना और समझना बेहद जरूरी हो गया है। **हो सकता है कि यह भी विभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि हो कि "प्रार्थी स्वयं के प्रार्थना पत्रों/आवेदनों की कार्यवाही को जानने हेतु सूचना अधिकार अधिनियम का प्रयोग कर रहा हो।** क्योंकि 4 सितम्बर 2025 को यह बात सामने आई थी कि प्रार्थना पत्र और आवेदन कहां है, इसका पता विभाग को ही नहीं होता। क्योंकि, यह तो पुराना रिवाज है कि प्रार्थी को संबंधित कार्यवाही होने अथवा न होने से संबंधित प्रतिउत्तर नहीं देना है।

महोदय, मेरे द्वारा 08 अक्टूबर 2025 से 19 नवम्बर 2025 तक महानिदेशक महोदय को पांच अलग–अलग पत्र प्रेषित किये जा चुके हैं। विभाग द्वारा अब तक न तो कोई संबंधित सूचना दी गई है, न महानिदेशक महोदय ने मुलाकात करना उचित समझा और न ही विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की कोई सूचना प्रदान की गई। **अतः कृपया सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(1) के अंतर्गत निम्नलिखित सूचनाएँ उपलब्ध कराने का कष्ट करें–**

01. मेरे द्वारा **08 अक्टूबर 2025** को महानिदेशक महोदय को पत्र भेजा गया था। संबंधित पत्र की संलग्नकों के साथ सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध करायें। 08 अक्टूबर 2025 से **इस आवेदन का प्रतिउत्तर देने की तिथि तक** संबंधित पत्र पर हुयी कार्यवाही का लिखित विवरण प्रस्तुत करें।

02. मेरे द्वारा **13 अक्टूबर 2025** को महानिदेशक महोदय को पत्र भेजा गया था। संबंधित पत्र की संलग्नकों के साथ सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध करायें। 13 अक्टूबर 2025 से **इस आवेदन का प्रतिउत्तर देने की तिथि तक** संबंधित पत्र पर हुयी कार्यवाही का लिखित विवरण प्रस्तुत करें।

03. मेरे द्वारा **24 अक्टूबर 2025** को महानिदेशक महोदय को पत्र भेजा गया था, जो कि विज्ञापन से संबंधित है। संबंधित पत्र की संलग्नकों के साथ सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध करायें। 24 अक्टूबर 2025 से **इस आवेदन का प्रतिउत्तर देने की तिथि तक** संबंधित पत्र पर हुयी कार्यवाही का लिखित विवरण प्रस्तुत करें।

04. मेरे द्वारा **30 अक्टूबर 2025** को महानिदेशक महोदय को पत्र भेजा गया था। संबंधित पत्र की संलग्नकों के साथ सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध करायें। 30 अक्टूबर 2025 से **इस आवेदन का प्रतिउत्तर देने की तिथि तक** संबंधित पत्र पर हुयी कार्यवाही का लिखित विवरण प्रस्तुत करें।

05. मेरे द्वारा **19 नवम्बर 2025** को सीएम पोर्टल के माध्यम से महानिदेशक महोदय को पत्र भेजा गया था। जिसकी कार्यवाही अभी एल–2 अधिकारी "कलम सिंह चौहान" देख रहे हैं। संबंधित पत्र की संलग्नकों के साथ सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध करायें। 19 नवम्बर 2025 से **इस आवेदन का प्रतिउत्तर देने की तिथि तक** संबंधित पत्र पर हुयी कार्यवाही का लिखित विवरण प्रस्तुत करें।

दिनांक : 26.11.2025
संलग्न– पोस्टल आर्डर संख्या **72F 758120** है,
जिसका मूल्य दस रूपये है।

26/11/25

(राज शेखर भट्ट)
c/o अनिल कुमार कक्कड़, शिव गिरधर
निकुंज कॉलोनी, नियर नालापानी चौक
देहरादून (मो. 8859969483)

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, देहरादून

21/11/25

संलग्न -06

पंजीकृत

RIGHT TO INFORMATION

उत्तराखण्ड सरकार
कार्यालय महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड
सूचना भवन, रिंग रोड, लाडपुर, निकट–वाणिज्य कर भवन, देहरादून–248006
E-mail : infodg.uk@gmail.com, dg-info-uk@nic.in दूरभाष : 0135–2662971 / फैक्स : 2662334

पत्रांक : 483 / सू.एवं.लो.स.वि.(सूचना अधिकार)–222 / 2025, दिनांक 16 दिसम्बर, 2025

सेवा में,

श्री राजशेखर भटट,
शिव गिरधर निकुंज कॉलोनी,
देहरादून।

विषयः–सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्रेषित।

महोदय,

कृपया सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अर्न्तगत प्रस्तुत अपने आवेदन पत्र, दिनांक 26.11.2025, जो इस कार्यालय में दिनांक 27.11.2025 को प्राप्त हुआ है, का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें।

उक्त पत्र के माध्यम से मांगी गयी सूचना के संबंध में वस्तुस्थिति निम्नवत् है:–

बिन्दु संख्या	आवेदित सूचना (मूल आवेदन पत्र)	प्रति उत्तर
1.	मेरे द्वारा 08 अक्टूबर 2025 को महानिदेशक महोदय को पत्र भेजा गया था संबधित पत्र की संलग्नकों के साथ सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध करायें। 08 अक्टूबर 2025 से इस आवेदन का प्रतिउत्तर देने की तिथि तक संबंधित पत्र पर हुयी कार्यवाही का लिखित विवरण प्रस्तुत करें।	बिन्दु संख्या 01 से 05 तक अस्पष्ट हैं। अतः अनुमान के आधार पर सूचना उपलब्ध कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।
2.	मेरे द्वारा 08 अक्टूबर 2025 को महानिदेशक महोदय को पत्र भेजा गया था संबधित पत्र की संलग्नकों के साथ सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध करायें। 13 अक्टूबर 2025 से इस आवेदन का प्रतिउत्तर देने की तिथि तक संबंधित पत्र पर हुयी कार्यवाही का लिखित विवरण प्रस्तुत करें।	
3.	मेरे द्वारा 24 अक्टूबर 2025 को महानिदेशक महोदय को पत्र भेजा गया था संबधित पत्र की संलग्नकों के साथ सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध करायें। 24 अक्टूबर 2025 से इस आवेदन का प्रतिउत्तर देने की तिथि तक संबंधित पत्र पर हुयी कार्यवाही का लिखित विवरण प्रस्तुत करें।	
4.	मेरे द्वारा 30 अक्टूबर 2025 को महानिदेशक महोदय को पत्र भेजा गया था संबधित पत्र की संलग्नकों के साथ सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध करायें। 30 अक्टूबर 2025 से इस आवेदन का प्रतिउत्तर देने की तिथि तक संबंधित पत्र पर हुयी कार्यवाही का लिखित विवरण प्रस्तुत करें।	
5	मेरे द्वारा 19 नवम्बर 2025 को सीएम पोर्टल के माध्यम से महानिदेशक महोदय को पत्र भेजा था जिसकी कार्यवाही अभी एल–2 कलम सिंह चौहान देख रहे है संबंधित पत्र की संलग्नकों के साथ सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध कराये 19 नवम्बर 2025 से इस आवेदन का प्रतिउत्तर देने की तिथि तक संबंधित पत्र पर हुयी कार्यवाही का लिखित विवरण प्रस्तुत करें।	

इस पत्र के अन्तर्गत दी गयी जानकारी से यदि आप असंतुष्ट हो तो, पत्र प्राप्ति की तिथि से 30 दिन के अन्दर उक्त बिन्दुओं के सम्बन्ध में विभाग के अपीलीय अधिकारी को प्रथम अपील प्रस्तुत कर सकते हैं। विभागीय अपीलीय अधिकारी का नाम / पता निम्नवत् है:–

श्री के. एस. चौहान,
संयुक्त निदेशक / अपीलीय अधिकारी,
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग,उत्तराखण्ड,
लाडपुर, रिंग रोड़,देहरादून–248006
फोन नं.– 0135–2662971

भवदीय,

(एल. पी. भट्ट)
लोक सूचना अधिकारी / सहायक निदेशक

संलग्न – 07

सूचना अधिकार अधिनियम 2005

पत्रांक संख्या : सूएवंलोसंवि/आरटीआई–16/प्रअ–01 दिनांक : 22.12.2025

सेवा में,

श्रीमान् प्रथम अपीलीय अधिकारी
सूचना एवं लोक संपर्क विभाग
देहरादून (उत्तराखण्ड)

विषय– मांगी गई सूचना के संबंध में भ्रमित करने वाला प्रतिउत्तर देने संबंध में।

महोदय,

